B. A. Part - I
Economics Honours
Micro Economics
Topic - Micro and Macro Economics

Munmun Choudhary
Asst. Prof
Department of
Economics,
A.S. College
Bikramganj.

* व्यष्टि अर्थशास्त्र और समष्टि अर्थशास्त्र में अंतर

व्यष्टि अर्थशास्त्र में हम सम्पूर्ण का नहीं, वरन् इसके अवयवों का अध्ययन करते है। इसमें व्यक्तिगत एवं उत्पादकों तथा उनके द्वारा संचालित व्यक्तिगत फर्मों या उद्योगों के संगठन एवं संचालन - सम्बन्धी सिद्धांतों का अध्ययन किया जाता है। उदाहरण के लिए, इसमें हम व्यक्तिगत उपभोक्ता को लेते है तथा इस बात की व्याख्या करते है कि वह किस प्रकार संतुलन प्राप्त करता है यानी अपनी आय से अधिकतम संतोष प्राप्त करता है। संक्षेप मे व्यष्टि अर्थशास्त्र का सम्बन्ध अर्थव्यवस्था के विभिन्न वैयक्तिक इकाईयों से है।

दूसरी ओर समष्टि अर्थशास्त्र में अर्थव्यवस्था का सम्पूर्ण रूप में अध्ययन किया जाता है। यह अर्थशास्त्र की वह शाखा है जिसमें अर्थव्यवस्था की किसी विशिष्ट इकाई नहीं, वरन. सभी इकाईयों का उनके समग्रता के रूप में अध्ययन किया जाता है; जैसे, - कुल राष्ट्रीय आय, उत्पादन एवं रोजगार, कुल उपभोग, बचत एवं विनियोग, कुल माँग एवं पूर्ति तथा सामान्य मूल्य तल (General Price Level)। संक्षेप समष्टि अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था का समग्र रूप से अध्ययन किया जाता है।

(2)

व्यष्टि अर्थशास्त्र (Micro economics) तथा समष्टि अर्थशास्त्र के अंतरों को सारणीबद्ध रूप में निम्न प्रकार दर्शाया जा सकता है —

व्यष्टि अर्थशास्त्र और समष्टि अर्थशास्त्र में अंतर
(Distinction between Micro and Macro Economics)

अंतर का आधार	व्यष्टि अर्थशास्त्र	समष्टि अर्थशास्त्र
* अध्ययन	* व्यष्टि अर्थशास्त्र में व्यक्तिगत आर्थिक इकाईयों का अध्ययन होता है।	* समष्टि अर्थशास्त्र में सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था का वृहत् एवं एक समग्र इकाई के रूप में अध्ययन होता है।
* क्षेत्र	* इसका क्षेत्र सीमान्त विश्लेषण पर आधारित नियमों तक सीमित है।	* इसका क्षेत्र राष्ट्रीय आय, पूर्ण रोजगार, राजस्व आदि सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था से सम्बन्धित समस्याओं के विश्लेषण से विस्तृत है।
* संकेत	* यह व्यक्तिक कीमतों वैक्तिक उपभोगों, उत्पादन आदि की ओर संकेत करता है।	* यह सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था के सामान्य मूल्य, कुल उपभोग, कुल उत्पादन और राष्ट्रीय आय स्तर का संकेत करता है।
* समाधान एवं नीति	* यह वैयक्तिक समस्याओं का समाधान एवं नीति प्रस्तुत करता है।	* यह सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था की समस्या का समाधान एवं उपयुक्त नीति प्रस्तुत करता है।

Scanned by TapScanner

* व्याख्या	* यह वैयक्तिक फर्मों, उद्योगों एंव उत्पादन इकाइयों में उतार - चढ़ाव की व्याख्या करता है।	* यह सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था के उतार - चढ़ाव, आर्थिक मन्दी, अवसाद या आर्थिक तेजी की व्याख्या करता है।
* सम्बन्ध.	* यह कीमत विश्लेषण से सम्बन्धित है।	* यह आय विश्लेषण से सम्बन्धित है।
* प्रकृति	* यह विश्लेषण सरल है	* यह अत्यन्त जटिल व दुविधापूर्ण है।

Scanned by TapScanner